# मानसिक अभिरूचि

(1). यदि किसी कस्बे में साम्प्रदायिक तनाव हो जाए आप बतौर एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर क्या करेंगे –
→ गाँव वालो को समझाकर तनाव को कम करेंगे

(2). मैं सुबह टहल रहा था, तो बीच सड़क पर एक आदमी को बेहोश पाया –
→ मैंने एक कार से लिफ्ट लेकर उस व्यकित को चिकित्सालय पहुँचाया।

(3). अगर आप अपने किसी सहयोगी को रिश्वत लेते हुए देख लेते हैं, तो –
→ उसे रोकने का प्रयास करेंगे

(4). आप एक पुलिस- सब-इंस्पेक्टर है, आपके थाने के रसोइए के पद पर आपसे भिन्न धर्म के अनुयायी की नियुक्ति हुई है, आप क्या करेंगे –
→ अपनी धार्मिक भावना पर नियंत्रण करते हुए उसे मनुष्य मात्र माने

(5). मेरे घर के सामने वाली सड़क पर बंदूक चलाने की आवाज आती है, तो
→ मैं तुरंत सड़क पर निकल आता हूँ।

(6). आपने एक उपहार समय से पहले प्राप्त किया है, जोकि आपकी आंटी चाहती है कि आप अपने जन्मदिन पर खोले, जो दो सप्ताह बाद है, आप –
→ उनकी इच्छा का आदर करेंगे, क्योंकि आपको मालूम हैं कि यह उपहार कहीं भागा नहीं जा रहा हैं।

(7). आज मेरे चचेरे भाई की शादी है, लेकिन मुझे छुट्टी नहीं मिली है
→ मैं अपनी शुभकामनाएँ भेज दूँगा।

(8). ट्रेन में अचानक एक पुराने परिचित पर मेरी नजर पड़ती है, तो मैं सबसे पहले-

→ आगे बढ़कर हाथ मिलाऊँगा

(9). आप एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की कार चला रहे हैं। चौराहे पर लाल बत्ती हो जाने पर आप क्या करेंगे-

→ लाल बत्ती को हरा होने तक इंतजार करेंगे-

(10). मुझे नौकरी मिलने की सूचना अचानक मिली, मैंने सबसे पहले-

→ पिताजी के पैर छुए

(11). आप एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। एक अनाथालय पर भ्रमण के दौरान एक बच्चा आपको छोड़ने के लिए तैयार नहीं है और आपको जाने नहीं देता है, आप-

→ फैसला करेंगे कि प्रत्येक रविवार उससे मिलने जाएंगे

(12). यातायात का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के साथ पुलिस का व्यवहार कैसा होना चाहिए-

→ कठोर

(13). एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर दूसरे पुलिस सब इंस्पेक्टर से द्वेष करने लगा है, क्योंकि-

→ वह जनता के बीच लोकप्रिय है-

(14). आप रात को सिनेमा देखकर आ रहे हैं और अचानक आप देखते हैं कि कुछ गुंडे दो लड़कियों का पीछा कर रहे हैं, तो आप क्या करेंगे-

→ आप लड़कियों के साथ जाकर उन्हें घर तक छोड़ देते हैं।

(15). सहयोगियों के साथ अपने मतभेद दूर करने का उचित उपाय क्या है-

→ मतभेदों का कारण जानने की कोशिश करके आपसी वार्तालाप से उनको दूर करेंगे।

(16). आप देखते हैं कि एक युवा व्यक्ति एक वरिष्ठ नागरिक को अपशब्द कह रहा है। जब आप उससे प्रश्न करते है, तो वह कहता है कि वह जो भी कहना चाहता है कहने की स्वतंत्रता उसके पास है। वरिष्ठ नागरिक पुलिस से शिकायत करना चाहता है। स्थिति को सौहार्दपूर्ण हल करने के लिए आप निम्न मे से किन तरीको को अपनाएंगे—

→ दोनो पक्षो को शांति बनाए रखने के लिए कहेंगे-

(17). कल्पना कीजिए कि आप कार्यालय जा रहे हैं और आप देखते हैं कि एक मोटर साइकिल की एक कार के साथ दुर्घटना हो गई है। मोटर साइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए—

→ एम्बुलेंस को बुलाना

(18). एक लोकप्रिय नेता द्वारा संबोधित की जाने वाली राजनैतिक रैली की सुरक्षा व्यवस्था हेतु आप प्रभारी अधिकारी है। अपने काम को प्रभावी ढंग से करने के लिए आपको क्या चाहिए—

→ स्थानीय उपद्रवियो पर नजर रखना

(19). आपका तबादला एक नए राज्य मे कर दिया जाता है, जहाँ का भोजन आपके मूल भोजन से भिन्न है आप—

→ अपना भोजन खुद बनाने का प्रयत्न करेंगे

(20). एक सार्वजनिक क्षेत्र मे अचानक भीषण आग लगने के दौरान, पुलिस इनमे से इस एक को छोड़कर अन्य सभी के लिए जिम्मेदार है—

→ फोटो क्लिक करने मे फोटोग्राफर्स की मदद करना।

(21) आपने पर्याप्त सबूत के बिना किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने मे जल्दबाजी करने के लिए आपके बॉस ने आपको फटकार लगायी है। इस स्थिति मे आपकी ओर से सबसे अच्छी कार्यवाही क्या होगी—

→ अपनी जल्दबाजी के लिए क्षमा मांगना।

(२२). एक लंबा और शक्तिशाली आदमी आपके पास आता है और आपका नाम और ब्यौरा पूछता है। आप:

→ शांति के साथ उसके प्रश्नो का जवाब देंगे हालांकि आप किसीभी चीज के लिए तैयार होंगे

(२३). पूछताछ के समय अपराधी अपशब्द का प्रयोग करता है, आप क्या करेंगे—

→ शांत रहेंगे और अपनी पूछताछ जारी रखेंगे—

(२४). आप काम करते हुए थक चुके हैं और आपके अधिकारी आपको और काम दे देते हैं। आप क्या करेंगे—

→ काम स्वीकार कर लेंगे और पूरा करने की कोशिश करेंगे।